8. एशिया महाद्वीप

आओ इस किताब में एशिया नाम के महाद्वीप और उसके आसपास के सागरों के बारे में पढ़ें।

अपना भारत देश एशिया महाद्वीप का ही हिस्सा है।

एशिया के आकार की तुलना अन्य महाद्वीपों से करो। वह किन महाद्वीपों से बड़ा है?

एशिया के मानचित्र को दीवार पर टांगो। एशिया में भारत के अतिरिक्त बहुत से देश हैं, जिन्हें अलग-अलग रंगों से दिखाया गया है। मानचित्र में देशों को रंगने के लिए कितने सारे रंगों का उपयोग किया गया है!

देशों के बीच की सीमा किस चिन्ह से दिखाई गई है?

मानचित्र 1 की मदद से तुम मानचित्र 2 में एशिया के देशों के नाम लिख लो और उन्हें अलग-अलग रंगों से रंग लो।

मानचित्र को ध्यान से देखो, इसमें कौन सा देश सबसे बड़ा है?

नीचे भारत के पड़ोसी देशों की सूची बनाओः

भारत के उत्तर के देश -

पूर्व के देश -

पश्चिम के देश -

भारत के दक्षिण के देश -

तुमने देखा कि एशिया भी सागरों से घिरा है। एशिया को घेरे हुए कौन-कौन से महासागर हैं? इनके नाम मानचित्र 1 में देखो और मानचित्र 2 में भरो।

तुमने पढ़ा होगा कि भारत के पास समुद्र में कई द्वीप (या टापू) हैं। इन द्वीपों को देखकर तुम यह जान गए होगे कि द्वीप वह छोटे भू-भाग हैं, जिनके चारों ओर समुद्र है।

कुछ द्वीप भारत के भी हिस्से हैं। उनके नाम बताओ। इस तरह के अनेक द्वीपों के समूह दक्षिणी पूर्वी एशिया में हैं। मानचित्र में से ऐसे कई द्वीपों के नाम जानो।

इनमें से एक द्वीपों का समूह भारत के दक्षिण पूर्व में भूमध्य रेखा पर है। यह इंडोनेशिया देश है।

हमारी धरती पर अलग-अलग जगह पर मौसम, पेड़-पौधे, जानवर, फसल, लोगों का रहन सहन आदि अलग-अलग हैं। इंडोनेशिया, जो भूमध्य रेखा पर है, और उत्तरी ध्रुव में ज़मीन आसमान का फर्क है। आओ भूमध्य रेखा से शुरू कर के उत्तरी ध्रुव तक की यात्रा करें और अलग-अलग देशों की नई-नई बातें जानें।

मानचित्र 1 एशिया महाद्वीप के देश



संकेत

सागर		1.	मिस्र
देशों की सीमा		2.	जार्डन
दूसरे महाद्वीप		3.	इस्रेल
		4.	लेबनान

मानचित्र 2 एशिया के देश



इस मानचित्र में सारे देशों के नाम भरो और हरेक देश को अलग-अलग रंग से रंगो। ध्यान रहे कि एक दूसरे से लगे हुए देशों के रंग एक से न हो।